RAF SECTOR
NEWS CLIP
27/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहें : सिंह

नरवा : पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहें एवं रोपे गये तरुण पौधों के वृक्ष बनने तक देख रेख करें. यह बात शुक्रवार को रैफ 106 बीएन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने गोद लिये गांव कदमडीह में पौधारोपण कार्यक्रम में कही. उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर सभी केंद्रीय सशस्त्र बल को अपने-अपने क्षेत्र व परिसर में पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है. आरएएफ 106 बटालियन सुंदरनगर द्वारा 11 हजार पौधा लगाये जायेंगे. मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार व अन्य जवान मौजूद थे.

Jansandesh Times, Prayagraj (UP)

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन

सहसों। शान्तिपुरम स्थित 101 आर०ए०एफ० कैम्प से गोहरी गांव तक शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मार्गदर्शन बटालियन के कमान्डेण्ट राज कुमार निगम ने किया। इस मौके पर कैम्प मे एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया। सेमीनार को संबोधित करते हुए आर०ए०एफ० 101 बटा० के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० के० के० सिहं ने बताया कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बेहद तेजी से फैल रही है। फैशन के चलते लोग उकसावे में आकर मादक पदार्थों का उपयोग करते है, जो आगे चलकर जानलेवा साबित होता है। सेमिनार में आर०ए०एफ० 101 वाहिनी के सैकड़ों जवानों समेत 20 स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नरेन्द्र कुमार, उप कमांडेंट पवन कुमार, सहायक कमांडेंट देवेश कुमार व विजय बहादुर रजक समेत अन्य अधिकारीगण तथा जवानों ने बढ़ – चढ़ कर प्रतिभाग किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

दिनांक–26/06/2021 को 100 वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल मे "अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस" पर वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री सुमित सैगल (एस.जी.) द्वारा जवानो को व्याख्यान दिया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।